[This question paper contains 8 printed pages.]

**7861**

*Your Roll No.* .............

*आपका अनुक्रमांक* .............

**LL.B. / III Term** **E**

Paper LB-3034 – Private International Law

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :- इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt any* **five** *questions.*
**All** *questions carry equal marks.*

*कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए।*
*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

P.T.O.

1. The varying rules of private international law in different countries for granting relief in matrimonial matters have resulted in conflict of laws situation. Discuss with reference to decided cases in relation to divorces granted by foreign courts, where marriage have been solemnised in India as per Hindu rites. What are the recommendations of Indian courts for safeguarding interests of Indian women married to NRI. (20)

वैवाहिक मामलों में अनुतोष मंजूर करने हेतु विभिन्न देशों में प्राइवेट अन्तर्राष्ट्रीय विधि के परिवर्तित होते हुए नियमों के परिणामस्वरूप विधियों की स्थिति में संघर्ष हो गया है। जब विवाह भारत में हिन्दू रीतिरिवाजों के अनुसार अनुष्ठापित हुए हैं तब विदेशी न्यायालयों द्वारा मंजूर तलाकों के बारे में विनिश्चित केसों के निर्देश सहित विवेचन कीजिए। अनिवासी भारतीय के साथ विवाहित भारतीय नारी के हितों के रक्षोपायों हेतु भारतीय न्यायालयों की क्या सिफारिशें हैं ?

2. Discuss the definition, need and scope of rules of private international law. What efforts at International level have been made for unification of Private International law. (20)

प्राइवेट अन्तर्राष्ट्रीय विधि के नियमों की परिभाषा, आवश्यकता और परिव्याप्ति का विवेचन कीजिए। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राइवेट अन्तर्राष्ट्रीय विधि के एकीकरण हेतु क्या प्रयत्न किए गए हैं ?

3. Whether the following judgements can be recognised and enforced by Indian courts. Discuss with reference to the rules of private international law and judicial precedent.

(a) An order of custody of child, who is an American citizen obtained by father from Superior Court of Washington in his favour. The mother had brought the child to India before the pronouncement of the order and the child is studying in India for last two years.

(b) An expartae divorce decree is obtained from the court of Missouri, USA by the husband. He stayed for 90 days in Missouri and filed a petition of divorce there. The court assumed jurisdiction as he being bonafide resident of Missouri for 90 days. After obtaining decree he went back to Pittsburg where husband and wife last resided together. The wife never submitted to the jurisdiction of court and had replied in protest. Discuss and decide the petition. (20)

क्या निम्नलिखित निर्णयों को भारतीय न्यायालयों द्वारा मान्यता दी जा सकती है तथा प्रवृत किया जा सकता है ? प्राइवेट अन्तर्राष्ट्रीय विधि के नियमों और न्यायिक नज़ीरों के निर्देश सहित विवेचन कीजिए।

(क) एक बच्चे की जो अमरीकी नागरिक है, अभिरक्षा का आदेश उसके पिता द्वारा वाशिंगटन के सुपीरियर न्यायालय से अपने पक्ष में प्राप्त की है। उक्त आदेश के सुनाए जाने से पहले ही माता उसे भारत ले आई थी तथा बच्चा पिछले दो वर्ष से भारत में पढ़ रहा है।

(ख) पति ने मिसौरी न्यायालय, यू.एस.ए. से तलाक की एकपक्षीय डिक्री प्राप्त की है। वह मिसौरी में 90 दिन ठहरा था तथा वहां तलाक की याचिका फाइल कर दी। उसके 90 दिन के मिसौरी में वास्तविक निवास के नाते न्यायालय ने अधिकारिता ग्रहण कर ली। डिक्री प्राप्त करने के पश्चात वह वापस पिट्सबर्ग चला गया जहां पति पत्नी पिछली बार इकट्ठे रहे थे। पत्नी ने न्यायालय की अधिकारिता को कभी स्वीकार नहीं किया तथा सविरोध उत्तर दिया। याचिका का विवेचन तथा विनिश्चय कीजिए।

4. Explain the proper law of contract under English and Indian law. Refer to judicial precedents.

'A' a registered company carrying on business in India and at other places. One of the place was Lahore, before partition. The head office is at Amritsar. 'A' entered into a contract with 'B', the government agents at Lahore in 1945, for supply of some cloth at Lahore for which the payment had to be made in Lahore. 'A' had been taking advance payments through a bank in Lahore from 'B' for supply of the cloth. In 1947, when partition took place 'B' fled to India and than wrote to 'A' at its head office for Rupees 1 lakh advance lying with 'A'. 'A' refused to pay, as Pakistan Government through an ordinance had frozen all evacuee assets and compelled 'A' to hand over money to custodian of evacuee property in Pakistan. 'B' filed a suit for recovery of money against 'A' at Amritsar. Decide by applying proper law of contract. (20)

भारत की तथा इग्लैंड की विधि के अधीन उचित संविदा विधि की व्याख्या कीजिए। न्यायिक नजीरों का निर्देश दीजिए।

एक रजिस्ट्रीकृत कम्पनी 'A' भारत में तथा अन्य स्थानों पर कारोबार कर रही है। एक स्थान बंटवारे से पहले लाहौर था। प्रधान कार्यालय अमृतसर है। 'A' ने लाहौर पर कुछ कपड़ा सप्लाई हेतु 1945 में लाहौर स्थित सरकार के एजेन्टों 'B' के साथ संविदा की जिसके लिए भुगतान लाहौर में किया जाना था। 'A' कपड़े की सप्लाई हेतु B से लाहौर में बैंक के द्वारा अग्रिम भुगतान ले रहा था। 1947 मे जब बंटवारा हुआ 'B' भारत भाग गया और तब A को उसके प्रधान कार्यालय पर A के पास पड़े हुए एक लाख रुपए के अग्रिम धन के वास्ते लिखा। 'A' ने भुगतान करने से मना कर दिया। क्योंकि पाकिस्तान सरकार ने अध्यादेश के द्वारा समस्त निष्क्रान्त आस्तियों पर रोक लगा दी तथा A को पाकिस्तान में निष्क्रान्त सम्पत्ति के अभिरक्षक को धन सौंपने के लिए विवश किया। 'B' ने अमृतसर में 'A' के विरूद्ध धन की वसूली हेतु वाद फाइल किया। संविदा की उचित विधि लागू करते हुए विनिश्चय कीजिए।

5. Discuss the English and Indian position regarding choice of law in case of torts. Refer to judicial decisions. (20)

अपकृत्यों के मामले में विधि के चयन के सम्बन्ध में इंगलिश तथा भारतीय स्थिति का विवेचन कीजिए। न्यायिक विनिश्चयों को निर्दिष्ट कीजिए।

6. (a) Explain the terms 'domicile of origin' and 'domicile of choice' through judicial precedents.

(b) Where is 'X' domiciled in following cases. Give reasons

(i) 'X' is a minor whose grandfather lived in Pakistan. The father of the 'X' moved to Delhi with wife and 'X', after partition 'X' was born at Burma. The father of 'X' had been carrying business in Burma and died there. The father kept on writing to the family that he will return to Delhi after closing his business.

(ii) 'X' is having Indian domicile of origin. He shifted with his wife to Sweden for a job. After two years he got the Swedish citizenship. 'X' returned to India after four years of stay to work in the Swedish company's Indian office at Bombay. Thereafter 'X' got the job in Sydney, Australia. He went there along with his family on sponsorship permit. 'X' lost his job after 6 months and the family returned to India on tourist visa, whereas 'X' stayed back in Australia. The family refused to go back to Sydney again even though 'X' got another job there. (20)

(क) न्यायिक पूर्वनिर्णयों के जरिये 'मूल अधिवास' और 'चयन अधिवास' शब्दों की व्याख्या कीजिए।

(ख) निम्नलिखित मामलों में X कहां अधिवसित है, तर्क प्रस्तुत कीजिए।

(i) 'X' अवस्यक है जिसके दादा पाकिस्तान में रहते थे। बंटवारे के बाद X के पिता, पत्नी तथा 'X' के साथ दिल्ली चले आए। 'X' का जन्म बर्मा में हुआ था। 'X' के पिता बर्मा में कारोबार कर रहे थे तथा वहीं उनकी मृत्यु हो गई। पिता परिवार को लिखते रहते थे कि वह अपना कारोबार बंद करने के बाद दिल्ली लौट आएगा।

(ii) 'X' का भारतीय मूल अधिवास है। वह अपनी पत्नी के साथ जॉब के वास्ते स्वीडन चला गया। दो वर्ष बाद उसे स्वीडन की नागरिकता मिल गई। 'X' चार वर्ष रूकने के बाद स्वीडन की कम्पनी के मुम्बई स्थित कार्यालय में काम करने के लिए भारत लौट आया। इसके बाद X को सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में जॉब मिल गया। वह वहां अपने परिवार के साथ स्पॉन्सरशिप परमिट पर गया था। 6 मास बाद 'X' का जॉब चला गया तथा उसका परिवार टूरिस्ट वीजा पर भारत लौट आया जबकि 'X' आस्ट्रेलिया में ही रूका रहा। परिवार ने पुनः सिडनी लौटने को मना कर दिया हालांकि 'X' को वहां दूसरा जॉब मिल गया था।

7. "The validity of marriage is completely governed by *lex loci celebrationis*". Critically analyse the statement. Refer to judicial decisions. (20)

"विवाह की विधिमान्यता पूरी तरह *lex loci celebrationis*" पर है। उक्त कथन का समीक्षात्मक विश्लेषण कीजिए। न्यायिक विनिश्चयों का निर्देश कीजिए।

8. Write short notes on any **two** of the following :

(a) Problematic scope of application of choice of law

(b) Rules of Inter Country adoption as recommended by Supreme Court in *Lakshmi Kant Pandey* v. *Union of India*

(c) Primary and Secondary domicile (20)

निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) विधि के चयन के अनुप्रयोग की समस्यात्मक परिव्याप्ति।

(ख) *लक्ष्मीकान्त पांडे* बनाम *यूनियन ऑफ इंडिया* में उच्चतम न्यायालय द्वारा यथासंस्तुत अन्तर्देशीय दत्तक-ग्रहण के नियम।

(ग) प्राथमिक और द्वितीयक अधिवास